हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार 7 फरवरी 2026



11 युवाओं के लिए ऑनलाइन क्विज शुरू, पीएम से संवाद का मौका





12 शहर के 30 मुद्दों पर होनी थी चर्चा, कोरम अभाव से...





SURAJ SCHOOL NARNAUL

announces ADMISSION cum SCHOLARSHIP Test

AVAIL UPTO 100% Scholarship

SUNDAY 08th Feb. 2026

FOR CLASSES - 3rd to 9th & 11th at 11:00 am

9053539071, 9053539072

CENTRALISED A.C. CAMPUS ✓ DIGITALISED CLASSROOMS ✓ CCTV ENRICHED ✓ A.C. & GPS ENABLED TRANSPORT FACILITY

• Affiliated to CBSE New Delhi vide Affiliation No. 532145


## चुनावी बयानबाजी को लेकर दक्षिण हरियाणा की सियासत हुई गर्म

# भतीजे को हरा सीताराम को बनाया एमएलए अब वही राव इंद्रजीत सिंह पर उठा रहे सवाल

**राव इंद्रजीत सिंह खेमे से जुड़े पदाधिकारियों ने पत्रकारों के सामने निकाली भड़ास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली/कनीना

दक्षिण हरियाणा में नांगल चौधरी से लेकर बादशाहपुर, गुरुग्राम तक विभिन्न राजनेताओं के बीच जारी सियासी बयानबाजी रुकने का नाम नहीं ले रही है। जिससे सर्दी के मौसम में भी राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। इसी कड़ी में शुक्रवार को अटेली और कनीना दोनों शहर में राव इंद्रजीत सिंह खेमे से जुड़े कार्यकर्ताओं ने पत्रकारवार्ता की और अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव को घेरा।

कनीना प्रेसवार्ता में मार्केट कमेटी कनीना के चेयरमैन जेपी कोटिया, वाइस चेयरमैन दीपक गुप्ता, पंचायत समिति कनीना के वाइस चेयरमैन रमेश महलावत, मार्केट कमेटी अटेली के चेयरमैन दिनेश जेलदार, भोजावास मंडल के प्रधान हरपाल सिंह और कनीना मंडल प्रधान वीरेंद्र सिंह ने पूर्व विधायक सीताराम यादव द्वारा दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।



कनीना। पत्रकार सम्मेलन में विचार व्यक्त करते चेयरमैन व अन्य। फोटो: हरिभूमि



मंडी अटेली। पत्रकारवार्ता करते राव साहब के समर्थक।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रति दिए गए बयान के जवाब में कहा कि राव इंद्रजीत सिंह की बदौलत सीताराम यादव को ग्राम सरपंच से विधायक बनाया, लेकिन उन्होंने 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में सीताराम ने षड्यंत्र रचा। वे अंदरखाते आरती सिंह राव की गाड़ में रहे और उनका बेटे व अपने कार्यकर्ताओं को बायकॉट करने की बात कहते रहे। उन्होंने कहा कि राव साहब प्रयासों से उन्हें टिकट मिली थी, अब उनकी ओर से जो बयानबाजी की जा रही है उसके पीछे अन्य नेताओं का हाथ है। जेपी कोटिया ने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह ने इस क्षेत्र से अनेक विधायक व चेयरमैन बनाए है। केंद्र सरकार में मंत्री राव साहब की कार्यप्रणाली की तारीफ कर रहे हैं। मार्केट कमेटी अटेली के चेयरमैन दिनेश जेलदार ने कहा कि राव साहब ने भारतीय जनता पार्टी को सर्वप्रिय मानकर कोसली से अपने भाई को हराकर लक्ष्मण सिंह यादव व अटेली से अपने भतीजे को हराकर सीताराम यादव को विधायक बनाया। दक्षिण हरियाणा में अब तक जो विकास कार्य हुआ है वह राव इंद्रजीत सिंह की देन है। वहीं पूर्व जिला पार्षद सतपाल सिंह, पूर्व सरपंच बिजेंद्र सिंह, मुकेश नम्बरदार, महावीर पहलवान, बीर सिंह धनौंदा, दीपक सिंह, सुरेश अत्री ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस मौके पर उनके समर्थक व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक के पीआरओ बन गए हैं सीताराम: राव समर्थक

**मंडी अटेली।** पूर्व विधायक सीताराम यादव द्वारा केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह पर झूठ बोलने व सार्वजनिक माफी मांगने के एक वीडियो जारी करने पर उनके समर्थकों में नाराजगी देखी गई। अटेली में पत्रकारवार्ता में राव समर्थकों ने सीताराम पर विभिन्न गंभीर आरोप लगाए हैं। अटेली नपा के पूर्व चेयरमैन विकास यादव, कनीना ब्लाक समिति के प्रधान जयप्रकाश यादव, अटेली के भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश गनियार, बाछौद के मंडल प्रधान मंजीत यादव, अटेली मंडल के पूर्व प्रधान पंडित कृष्ण बोचड़िया, पार्षद प्रतिनिधि व भाजपा के पदाधिकारी शमशेर पार्षद, पूर्व चेयरमैन अशोक यादव, विनोद कटकई, नपा के वाईस चेयरमेन रामकृष्ण जांगड़ा व अटेली मार्केट कमेटी के वाईस चेयरमैन राधेश्याम गोयल ने खुलकर पत्रकारों के सामने अटेली के पूर्व विधायक सीताराम पर जमकर हमला बोला तथा विधानसभा चुनावों में दोगली नीति के चलते भीतरघात करने का आरोप लगाया। राव समर्थकों ने कहा कि पूर्व विधायक सीताराम नांगल चौधरी के पूर्व विधायक के प्रवक्ता के रूप में बयानबाजी कर रहे हैं। इस पर पार्टी पूर्व विधायक पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करे। राव समर्थकों ने कहा कि पूर्व विधायक सीताराम यादव ने अटेली के चुनावों में भाजपा की प्रत्याशी आरती राव के प्रचार में साथ रहे, लेकिन उनके समर्थक व पुत्रों ने साजिश रचकर चुनाव में बगावत की। अटेली नपा के पूर्व चेयरमैन विकास यादव ने कहा कि पूर्व विधायक केंद्रीय मंत्री को गंगाजल व मंदिर में चढ़ने की बात कही है। उसकी कोई आवश्यकता नहीं है। अगर पूर्व विधायक गंगा जल लेकर मंदिर में चढ़ने को तैयार हैं तो वह स्वंय गंगा जल लेकर मंदिर में चढ़कर पूर्व विधायक का पर्दाफाश करेंगे। इस पर मौजूद सभी पदाधिकारियों ने भी सहमति जताई। पत्रकारवार्ता में पूर्व सरपंच धर्मेंद्र, नगर पार्षद प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह, अजीत सिंह, मनफूल पार्षद, अंशुल पार्षद, कृष्ण शर्मा, अशोक, आनंद पार्षद प्रतिनिधि, महामंत्री घनश्याम अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आज से अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा, धारा 163 के आदेश

**नारनौल।** जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 9वीं और 11वीं में उम्मीदवारों की खाली सीटों के लिए सात फरवरी को अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के सुचारु और शांतिपूर्ण संचालन के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि महेंद्रगढ़ जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी हथियार को ले जाने पर पाबंदी रहेगी।

### नागरिक अस्पताल से एयर कंडीशनर का सामान चोरी

**नारनौल।** नागरिक अस्पताल में बने सिविल सर्जन कार्यालय और टीबी अस्पताल में हजारों रुपये के सामान की चोरी हो गई। इस बारे में कार्यालय अधीक्षक ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत में बताया कि अज्ञात चोरों ने सिविल सर्जन कार्यालय की छत पर लगे एयर कंडीशनर की पीतल की वायरिंग, पीतल की रॉड और कनेक्शन वायरिंग चोरी कर ली। इसके अलावा टीबी अस्पताल परिसर से एसी की तीन आउटडोर यूनिट भी गायब हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लॉजिस्टिक हब जमीन मुआवजा मामला, एमडी ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग

# एचएसआईडीसी का स्पष्ट संदेश...लॉजिस्टिक हब जमीन मुआवजे में कोई वृद्धि संभव नहीं

**भूमि स्वेच्छा योजना के तहत भूमि मालिकों की सहमति से खरीदी गई**

**आईएमएलएच परियोजना के लिए कुल 886 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, जिसमें से लगभग 698 एकड़ भूमि राज्य सरकार द्वारा परियोजना एसपीवी (स्पेशल पर्पस व्हीकल) को हस्तांतरित कर दी गई है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर से करीब आठ किलोमीटर दूर गांव बसीरपुर में बनने वाले मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के लिए ली गई जमीन का कम मुआवजा मिलने पर उपजे विवाद में एचएसआईडीसी ने अपना पक्ष रखा है। नांगल चौधरी क्षेत्र में एकीकृत मल्टी मोडल लॉजिस्टिक हब (आईएमएमएलएच) परियोजना के लिए मुआवजे में वृद्धि की मांगों के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग हुई। इसमें एचएसआईडीसी के प्रबंध निदेशक आदित्य दहिया के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान मौजूद एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव व ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक के बाद जारी सरकारी विज्ञप्ति में एचएसआईडीसी के प्रबंध निदेशक ने स्पष्ट कहा है कि मुआवजे में कोई और वृद्धि संभव नहीं है, क्योंकि भूमि स्वेच्छा योजना के तहत भूमि मालिकों की सहमति से खरीदी गई थी और निष्पादित बिक्री विलेख अंतिम, निर्णायक तथा कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं।



नारनौल। एचएसआईडीसी के प्रबंध निदेशक आदित्य दहिया के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान मौजूद एसडीएम व ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक महेंद्रगढ़ के नांगल चौधरी में विकसित हो रहे एकीकृत मल्टी मोडल लॉजिस्टिक हब (आईएमएलएच) एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना है, जो बहु-मोडल परिवहन के एकीकरण के माध्यम से लॉजिस्टिक्स और परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने का उद्देश्य रखती है। इस परियोजना से माल ढुलाई की दक्षता में सुधार, लॉजिस्टिक्स लागत में कमी, रोजगार के अवसरों का सृजन तथा क्षेत्र में दीर्घकालिक आर्थिक और औद्योगिक विकास में योगदान की उम्मीद है।

आईएमएलएच परियोजना के लिए कुल 886 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, जिसमें से लगभग 698 एकड़ भूमि राज्य सरकार द्वारा परियोजना एसपीवी (स्पेशल पर्पस व्हीकल) को हस्तांतरित कर दी गई है। भूमि का अधिग्रहण सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित दर पर किया गया था, उसके बाद भूमि मालिकों ने स्वेच्छा से, सहमति-आधारित प्रत्यक्ष खरीद तंत्र के माध्यम से अपनी भूमि बेची, अपनी पूर्ण इच्छा से और स्पष्ट सहमति के साथ, तथा इसके अनुसार पंजीकृत बिक्री विलेख निष्पादित किए। यह स्पष्ट किया जाता है कि आईएमएलएच परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण किसी भी अनिवार्य भूमि अधिग्रहण कानून के तहत नहीं किया गया था, बल्कि भूमि मालिकों की सहमति से ही। परिणामस्वरूप, वैधानिक मुआवजा, सोलाटियम या खरीद पूर्ण होने के बाद किसी प्रकार की वृद्धि संबंधी प्रावधान लागू नहीं होते।

राज्य सरकार ने उचित प्रक्रिया का पालन किया है और पारदर्शिता तथा सभी लागू प्रक्रियाओं का अनुपालन करने के प्रति प्रतिबद्ध है। आईएमएलएच परियोजना की रणनीतिक महत्व को देखते हुए, इसके समय पर कार्यान्वयन से अभिप्रेत सार्वजनिक एवं आर्थिक लाभ प्राप्त करना आवश्यक है। भूमि मालिकों एवं हितधारकों द्वारा प्रदान की गई सहयोग की सराहना की जाती है तथा सभी संबंधितों से इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना के सुचारू एवं समय पर निष्पादन में सहयोग जारी रखने का अनुरोध किया जाता है।

### यह तर्क देकर किसान दे रहे धरना

*गौरतलब है कि लॉजिस्टिक हब जमीन मुआवजे को लेकर किसान धरने पर है। धरना देने वाले किसानों का तर्क है कि बशीरपुर के किसानों की भूमि 30 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से ली गई। उस वक्त किसानों को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की जानकारी नहीं थी। जब मामला कोर्ट में पहुंचा तो हाईकोर्ट ने किसानों के पक्ष में फैसला किया है। अब सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई है। इन किसानों का आरोप है कि अगर 2013 का भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार अगर इन किसानों की जमीन लॉजिस्टिक हब के लिए खरीदी जाती है तो किसानों को मुआवजा न्यूनतम 66 से 80 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से देना पड़ता। धरना देने वाले किसानों का कहना है कि उनके साथ दूसरा धोखा यह भी हुआ है कि लॉजिस्टिक हब बनाने के लिए ली गई जमीन का बसीरपुर व दो अन्य गांव के लोगों को 30 लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया गया, जबकि इसी प्रोजेक्ट के लिए बिछाई जाने वाली रेलवे लाइन का दो-तीन गांवों के लोगों को 65 लाख रुपये मुआवजा दिया गया है। कारण, वहां भूमि का अधिग्रहण सीधे सरकार द्वारा किया गया था, वहां जमीनों का अधिग्रहण 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार किया गया। फिर बसीरपुर के किसानों को क्यों नहीं दिया जा सकता। यहां पर बिना रेट तय किए गए किसानों के पास से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए हैं। यह हस्ताक्षर तत्कालीन विधायक के चहेते लोगों ने किसानों के साथ छल कर करवाए गए। उन्होंने कहा कि 2017 में जब किसानों को लॉजिस्टिक हब के लिए मुआवजा दिए जाने की बात चली, तब एक सहमति पत्र तैयार किया गया। उसमें यह कहीं भी जिक्र नहीं किया गया कि इसमें कितनी राशि किसानों को मिलेगी। बिना राशि का जिक्र किए किसानों को 30 लाख प्रति एकड़ रुपये दे दिए गए थे। किसानों ने सोचा कि उनको मिली राशि पर्याप्त है। मगर कुछ किसान इसके खिलाफ अदालत में चले गए, तब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सितंबर 2024 को किसानों के हक में फैसला दिया। जिसमें अदालत ने बताया कि किसानों को मिली राशि पर्याप्त नहीं है तथा यह भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत किसानों को नहीं दिया गया। जब कुछ दिन पहले उनको यह पता चला कि उनके साथ धोखा हुआ है तो उन्होंने इसका विरोध शुरू किया है।*



महेंद्रगढ़। घटनास्थल पर जांच करती पुलिस टीम। फोटो: हरिभूमि

## खातोदड़ा में जमीनी विवाद में पीट-पीटकर व्यक्ति की हत्या

**महेंद्रगढ़।** गांव खातोदड़ा में जमीनी विवाद के चलते हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान गांव खातोदड़ा निवासी सोमदत्त उर्फ गुटका पुत्र दयाराम के रूप में हुई है। आरोप है कि वीरवार रात करीब 10 बजे गांव खातोदड़ा में सोमदत्त के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। गंभीर रूप से घायल होने पर परिजन उसे उपचार के लिए पीजीआई रोहतक लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर महेंद्रगढ़ सदर थाना व सीआईए की टीम मौके पर पहुंची, वहीं फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। बताया जा रहा है कि इस वारदात में आर्मी का एक जवान भी शामिल है। जानकारी के अनुसार मृतक सोमदत्त उर्फ गुटका करीब छह दिन पहले ही नसीबपुर जेल से जमानत पर बाहर आया था। महेंद्रगढ़ सदर थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा मृतक के शव का पोस्टमार्टम पीजीआई रोहतक में करवाया गया है। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जानकारी अनुसार यह मामला जमीनी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस आरोपितों की पहचान कर उनकी जल्द गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। वहीं मामले की गहन जांच की जा रही है।

## नगर परिषद के जिला नगर आयुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए

# चार अंडरपास में लंबे समय से वाटर लॉगिंग की समस्या के समाधान के प्रयास तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रेलवे द्वारा बनाए गए चार अंडरपास में लंबे समय से वॉटर लॉगिंग की समस्या के समाधान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं तथा यह समाधान होने से लोगों की परेशानी दूर होगी। अंडरपास के आसपास रह रहे लोगों को भी इसका बड़ा फायदा होगा। नगर परिषद के जिला नगर आयुक्त रणबीर सिंह ने इस बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

बता दें कि शहर में रेलवे के चार अंडर पास बने हुए हैं। इन चारों अंडरपास में पानी भरने की समस्या सामने आ रही है। इनमें सीआईए रोड, नागरिक अस्पताल के समीप परशुराम कॉलोनी, बहरोड़ रोड पर महिला महाविद्यालय के पास तथा पुरानी मंडी में महता चौक के पास अंडरपास शामिल हैं। इनमें से सीआईए रोड एवं गर्ल्स कॉलेज वाले अंडरपासों में सदैव ही पानी भरा रहता है। इससे बहरोड एवं नांगल चौधरी की तरफ आने-जाने वाले लोगों को अक्सर परेशानियों से गुजरना पड़ता है। काबिले गौर है कि बहरोड़ रोड स्थित अंडरपास नारनौल को राजस्थान के बहरोड़ से जोड़ता है। यहां पानी भरने से रोजाना हजारों वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस अंडरपास में पानी जमा होने की समस्या पुरानी है।



नारनौल। रेलवे अंडरपास का हाल। फोटो: हरिभूमि

### रेलवे को दो नोटिस

घटना के बाद डीएमसी रणवीर सिंह ने रेलवे विभाग को दो नोटिस जारी किए। उन्होंने खुद भी दो से तीन बार मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद नगर परिषद कार्यालय में रेलवे और नगर परिषद अधिकारियों की बैठक बुलाई गई।

### डीआरएम को लिखेंगे पत्र

जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। उच्च अधिकारियों डीआरएम और एडीआरएम को भी पत्र लिखा जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारी किसी कारणवश अवकाश पर थे, जबकि जेई बैठक में मौजूद रहे।

### एक महिला की पहले ही हो चुकी मौत

सीआईए रोड पर बने अंडरपास में गत दिनों पानी में गड्ढा दिखाई नहीं देने से एक महिला बाइक से गिर गई थी और उसके सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ही नहीं, जागरूक लोगों ने रेलवे और जिला प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए थे।

# जेल में 3 साल बिताने के बाद भी नहीं टूटा हौसला


हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



■ खैरोली के दीक्षांत ने यूजीसी नेट जेआरअफ में पाई सफलता

जिले के गांव खैरोली के युवा दीक्षांत पुत्र ओमप्रकाश ने कठिन परिस्थितियों को पीछे छोड़ते हुए यूजीसी नेट जेआरअफ परीक्षा अंग्रेजी विषय में सफलता हासिल कर गांव और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव में खुशी का माहौल है।

दीक्षांत की कहानी संघर्ष और हौसले की मिसाल है। वर्ष 2019 से 2021 तक वे किसी कारणवश जेल में बंद रहे, लेकिन विपरीत हालातों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अपनी पढ़ाई जारी रखी। उन्होंने साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों तो मुश्किलें भी रास्ता नहीं रोक सकती। दीक्षांत शुरू से ही मेधावी विद्यार्थी रहे हैं। उन्होंने 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके बाद बीएससी की डिग्री प्रथम श्रेणी से पास की और आगे चलकर एमए अंग्रेजी भी फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण की। अब यूजीसी नेट में सफलता प्राप्त कर उन्होंने अपने शैक्षणिक सफर में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ ली है। दीक्षांत का सपना है कि वे आगे पीएचडी की पढ़ाई पूरी कर एक अच्छे शिक्षक बनें और किसी प्रतिष्ठित कॉलेज या विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाकर देश के भविष्य निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर गांव के लोगों ने एकत्रित होकर दीक्षांत और उनके परिवार को बधाई दी। दीक्षांत ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के लड़ाई-झगड़े में पड़कर अपना भविष्य खराब न करें।



# एक्शन-थ्रिलर फिल्म सूबेदार का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** सूबेदार फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा ना होने के चलते इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। इस मूवी में अनिल कपूर और राधिका मदान लीड रोल में नजर आएंगे। यह एक एक्शन-थ्रिलर मूवी है। फिल्म सूबेदार के पोस्टर में अनिल कपूर स्वैग के साथ पंच मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में ताबड़तोड़ एक्शन करेंगे। यह मूवी अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। हालांकि. अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो सकती है।


लाइफ Style

# यामी
## धुरंधर-2 में एक्शन मोड में देंगी दिखाई

धुरंधर की सक्सेस के बाद अब 'धुरंधर 2' आने वाली है। ये फिल्म मार्च में आएगी और इसमें यामी गौतम का कैमियो होगा। जी हां, ये बात अब कन्फर्म हो गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधर द रिवेंज' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अब एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस और आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम के फिल्म में कास्ट होने की खबर पक्की हो गई है। आइए आपको बताते हैं कि उनका फिल्म में रोल कैसा होगा। फिल्म में यामी का सिर्फ कैमियो होगा, लेकिन कहानी को आगे बढ़ाने में उनका रोल बड़ा अहम होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यामी ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। सूत्रों का कहना है कि 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'आर्टिकल 370' में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं यामी इस फिल्म में एक्शन मोड में दिखाई देंगी। फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यामी का किरदार फिल्म के नैरेटिव (कहान) को एक नई दिशा देगा। हालांकि, यह एक छोटा रोल है, लेकिन इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दर्शक हैरान रह जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि 'उरी' (2019) के करीब 7 साल बाद आदित्य धर और यामी गौतम फिर से साथ में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। स्टार कास्टः फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में होंगे। उनके अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे दिग्गज कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। 'धुरंधर 2' 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'धुरंधर'2025 की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी।



## हॉलीवुड मसाला



# अमेरिका में आजादी से काम नहीं कर सकती

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ट्विलाइट'फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। एक बातचीत में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं।



# मेलानिया बनी सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री!

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की नॉर्थ अमेरिका में वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग रही। हालांकि, फिल्म क्रिटिक्स से इस फिल्म को खराब रिव्यूज़ मिले हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन ब्रेट रैटनर ने किया है। बता दें कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण से 20 दिन पहले की कहानी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहले ट्रंप सपोर्टर्स ने इसे बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड पर करीब 7 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई तक पहुंचाया। यह आंकड़ा एक डॉक्यूमेंट्री के लिए बहुत बड़ा है। उम्मीद की जा रही है कि यह करीब एक दशक में अपनी तरह की सबसे अच्छी परफॉर्म करने वाली डॉक्यूमेंट्री बन जाएगी।



# शक्ति शालिनी में नजर आएगा विशाल

**मुंबई।** 'शक्ति शालिनी' मैडॉक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म में 'सैयारा'स्टार अनीत पड्डा नजर आएंगी। इस मूवी की शूटिंग मार्च में शुरू होगी। फिल्म में जबरदस्त ड्रामा और एक्शन देखने को मिलेगा। हाल ही इस फिल्म के मेल एक्टर को लेकर भी अपडेट सामने आई है। शक्ति शालिनी एक फीमेल-लेड एक्शन ड्रामा फिल्म है। एक खबर के मुताबिक विशाल जेठवा ने यह फिल्म साइन कर ली है। मैडॉक यूनिवर्स की इस फिल्म में वह अनीत पड्डा के साथ नजर आएंगे। वह फिल्म में अनीत के किरदार के लवर का रोल करेंगे।'शक्ति शालिनी' में जबरदस्त एक्शन के साथ-साथ एक पर्सनल और इमोशनल एंगल भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स आगे भी मजेदार फिल्में ला रहा है।



# भागम भाग-2 में हुई मनोज की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। इसमें फिल्म की कास्ट को लेकर बड़ा दावा किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है।

## टीवी मसाला




# गुमनामी के साये में दूरदर्शन की रामायण के 'भगवान शिव'

**नई दिल्ली।** 1987 में टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण शो को पहली बार टेलीकास्ट किया गया था। निर्देशक रामानंद सागर के इस माइथोलॉजिकल शो की कास्ट की चर्चा अक्सर की जाती है। खासतौर पर भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकारों का नाम इसमें शामिल रहता है। लेकिन बहुत कम बार रामायण के गुमनाम कलाकारों के बारे में बात की जाती है। इस आधार पर आज हम आपको टीवी की रामायण में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विजय कविश का नाम शामिल होता है। टीवी सीरियल रामायण में विजय कविश ने बखूबी भगवान राम की भूमिका को निभाया था। अपने कमाल की एक्टिंग के लिए उनकी काफी प्रशंसा हुई। लेकिन, आज वह कहां और क्या कर रहे हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। हम आपको बता दें कि विजय मुंबई में बतौर डायरेक्टर और एडिटर सक्रिय हैं। वह यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर अपनी शॉर्ट फिल्में और सीरीज को अपलोड करते हैं। हालांकि, फिल्मों और टीवी सीरियल्स में उनका उतना मौका नहीं मिल रहा है। एक तरह से रामायण से रातों-रात शोहरत हासिल करने वाले विजय कविश फिलहाल एक तरह से संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। गौर किया जाए उनके लुक की तरफ तो समय के साथ-साथ उनकी उम्र हो गई है और लुक पूरी तरह से बदल गया है। जिसका अंदाजा आप उनकी इन तस्वीरों को देखकर आसानी से लगा सकते हैं। रामानंद सागर की रामायण के अलावा विजय कपिश उत्तर रामायण में भी नजर आए थे, जिसमें उन्होंने महर्षि वाल्मीकि का किरदार अदा किया था। सिर्फ छोटे पर्दे के शो के अलावा विजय कविश ने बतौर अभिनेता फिल्मों में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।

## नहीं हुई है एल्विश और जिया की सगाई

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस जिया शंकर की निजी जिंदगी हाल ही में कई डेटिंग अफवाहों के कारण सुर्खियों में रही है। सबसे पहले, एक्ट्रेस की सगाई की अटकलें अभिषेक मल्हान से लगाई गईं और बाद में एक मिस्ट्री मैन के साथ उनकी एक तस्वीर वायरल हुई, जिससे इन अफवाहों को और हवा मिली। अब जिया एक बार फिर सुर्खियों में हैं जब एल्विश यादव ने उनका हाथ पकड़े हुए अपनी तस्वीर शेयर की, जिसमें हीरे की अंगूठी थी और जिया शंकर को टैग किया। इस फोटो ने सगाई की अफवाहों को और हवा दी। लेकिन इसका सच तो कुछ और ही निकला। दरअसल, दोनों ने अपने नए शो के प्रमोशन के लिए ये हथकंडा अपनाया था। 'बिग बॉस ओटीटी' विनर एल्विश यादव के अकाउंट पर शेयर की गई स्टोरी में कैप्शन था, 'प्यार को एक और मौका दिया और मुझे मेरा दिल मिल गया,' जिससे यह हिंट मिला कि दोनों की सगाई हो गई है क्या!



# अरिजीत सिंह ने नए गाने में यूलिया के साथ दी आवाज

**मुंबई।** प्लेबैक सिंगिंग से अपने रिटायरमेंट की घोषणा करने के बाद से अरिजीत सिंह लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब अरिजीत सिंह के नए गाने का टीजर सामने आया है। अरिजीत ने ये गाना शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' में गाया है, जिसमें यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत सलमान खान के म्यूजिक लेबल के तहत तैयार किया गया है। जो राजन द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' के पहले गीत 'तेरे संग' का टीजर शुक्रवार को जारी किया गया है। गाने में यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने यूलिया के साथ मिलकर गाया है। यह गाना सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक के बैनर तले लॉन्च किया गया है। यूलिया का नाम पिछले काफी वक्त से सलमान खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। ऐसे में अब यूलिया की शॉर्ट फिल्म के गाने को भी सलमान खान द्वारा ही लॉन्च किया गया है। इससे दोनों की नजदीकियों को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



'इकोज ऑफ अस' में दीपक तिजोरी और यूलिया वंतूर के अलावा स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। 'तेरे संग' गाना यूलिया और अरिजीत का पहला कोलैबरेशन है। इस शॉर्ट फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है। पिछले साल 28 जून 2025 को सलमान खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'इकोज ऑफ अस' की टीम को शुभकामनाएं देते हुए फिल्म की रिलीज के लिए बधाई दी थी। साथ ही 47 सेकंड का पहला लुक टीजर भी साझा किया था।

# रामायण फिल्म में विजय सेतुपति विभीषण का निभाएंगे किरदार...

**मुंबई।** फिल्म रामायण को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे। 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। विभीषण, अपने भाई रावण के बजाय भगवान राम का साथ देते हैं। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आंएगे। फिल्म को मेकर्स पैन इंडिया रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं।



## क्वीन ऑफ चेस में दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला की जिंदगी का सफर

# धमाकेदार होगा फरवरी का पहला सप्ताहांत; रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज


*नई दिल्ली। शुक्रवार 6 फरवरी को कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुईं। वहीं, बॉर्डर 2 और मर्दानी 3 पहले से लगी हैं। लेकिन, जिन दर्शकों को वीकएंड पर थिएटर्स जाने में दिलचस्पी नहीं है या सर्द मौसम में घर बैठे ही कोई बढ़िया फिल्म-सीरीज एंजॉय करना चाहते हैं तो उनके लिए भी दिलचस्प ऑप्शन हैं। जानिए फरवरी के पहले वीकएंड पर ओटीटी की लिस्ट में क्या है?*

### द राजा साब

प्रभास अभिनीत फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। फिल्म 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है। यह हॉरर कॉमेडी फिल्म है। थिएटर्स में फिल्म खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। देखना दिलचस्प होगा कि यह ओटीटी पर क्या कमाल करती है।

### किस किस प्यार करूं 2

कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म 'किस किस प्यार करूं 2' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। यह फिल्म आज शुक्रवार 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।






### 'शबद रीत और रिवाज

यह छह एपिसोड की ड्रामा सीरीज है। यह 16 वर्षीय किशोर घुप्पी की कहानी है, जिसे हकलाने की बीमारी है। फुटबॉल के लिए उसमें गजब का जुनून है। इसके चलते पिता के साथ उसका टकराव होता है। दरअसल, उसके पिता चाहते हैं कि घुप्पी, परिवार की भक्ति वाले रागी गायन की पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाए। सीरीज पंजाब के खूबसूरत बैकग्राउंड पर बेस्ड है। इसमें घुप्पी के संघर्ष, डर, महत्वाकांक्षा को दिखाया है। कमी के बावजूद अपनी मेहनत के बूते वह अपना सफर तय करता है। इस सीरीज को 06 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं।

### 'डेथ व्हिस्परर 3

इस वीक थाई हॉरर फिल्म 'डेथ व्हिस्परर 3' भी देखने के लिए उपलब्ध है। यह फिल्म अक्तूबर 2025 में थिएटर्स में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 04 फरवरी 2026 से यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

### क्वीन ऑफ चेस

यह एक डॉक्यूमेंट्री है। इसमें दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला 'जुडिट पोल्गार' की जिंदगी को दिखाया गया है। सीरीज में पुरुष प्रधान खेल में उनके सफर की कहानी बयां की गई है। इसे 6 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### पराशक्ति

साउथ इंडस्ट्री की फिल्म 'पराशक्ति' भी आज शुक्रवार से ओटीटी पर रिलीज हो रही है। एक्टर शिवकार्तिकियन की यह फिल्म 10 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फरवरी में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसने दस्तक दी है। इसे 07 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

# शहर के 3 प्रमुख स्थानों पर होगा सामुदायिक शौचालयों का निर्माण

## नारनौल शहर में पुलिस लाइन के सामने भारत गैस कार्यालय के समीप, पुरानी कचहरी क्षेत्र तथा सुभाष पार्क में बनाए जा रहे हैं शौचालय

राजकुमार ▶▶| नारनौल

शहर में आमजन को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में नगर परिषद ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शहर के प्रमुख और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में तीन आधुनिक सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। इन शौचालयों के निर्माण से जहां आम नागरिकों को राहत मिलेगी, वहीं महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और राहगीरों की वर्षों पुरानी समस्या का भी समाधान हो सकेगा।

नगर परिषद की ओर से यह सामुदायिक शौचालय पुलिस लाइन के सामने भारत गैस कार्यालय के समीप, पुरानी कचहरी क्षेत्र तथा सुभाष पार्क में बनाए जा रहे हैं। ये सभी स्थान ऐसे हैं, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है और शौचालय की अनुपलब्धता के कारण आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था।



नारनौल। पुलिस लाइन के सामने पुराने खंडहर शौचालय को गिराती जेसीबी।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे शौचालय

नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार इन सामुदायिक शौचालयों को पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। शौचालयों में पानी की समुचित व्यवस्था, नियमित साफ-सफाई, उचित रोशनी और हवादार संरचना का विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से सफाईकर्मी तैनात किए जाएंगे, ताकि शौचालयों का उपयोग करने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इन शौचालयों के निर्माण में गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि वे लंबे समय तक उपयोगी बने रहें। नगर परिषद का प्रयास है कि ये शौचालय न केवल उपयोगी हों, बल्कि शहर की स्वच्छ और सुव्यवस्थित छवि को भी मजबूत करें।

### महिलाओं की परेशानी होगी कम

शहर में सार्वजनिक शौचालयों की कमी का सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ता है। खासकर बाजार, पार्क और कार्यालय क्षेत्रों में आने वाली महिलाओं को शौचालय न होने के कारण कई बार असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था। नए सामुदायिक शौचालयों के निर्माण से महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी और वे बिना किसी झिझक के इन सुविधाओं का उपयोग कर सकेंगी। इसके अलावा बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और छोटे बच्चों के साथ आने वाले परिवारों के लिए भी यह सुविधा अत्यंत उपयोगी साबित होगी। सुभाष पार्क जैसे सार्वजनिक स्थल पर शौचालय बनने से वहां घूमने आने वाले लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

**खुले में शौच से मिलेगी छुट्टी:** नगर परिषद की इस पहल से खुले में शौच की समस्या पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। स्वच्छता विशेषज्ञों का मानना है कि सामुदायिक शौचालयों की उपलब्धता से संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी कम होता है। इस लिहाज से यह कदम स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बेहद अहम माना जा रहा है। नगर परिषद की यह पहल सरकार और प्रशासन के स्वच्छता अभियान को और मजबूती प्रदान करेगी। भविष्य में भी शहर के अन्य क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा।

**नागरिकों ने जताया संतोष:** स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने नगर परिषद के इस निर्णय का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस तरह की सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सामुदायिक शौचालयों के निर्माण से शहर की छवि सुधरेगी और नारनौल एक स्वच्छ एवं सुविधाजनक शहर के रूप में विकसित होगा। कुल मिलाकर, नारनौल में बनने जा रहे ये तीन आधुनिक सामुदायिक शौचालय आमजन की सुविधा, महिलाओं की गरिमा, स्वच्छता और स्वास्थ्य-चारों दृष्टियों से एक सराहनीय पहल साबित होंगे।

**यह बोली निर्माण कंपनी:** शहर में नगर परिषद द्वारा तीन जगहों पर नए आधुनिक शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। इन तीनों पर लगभग 50 लाख रुपये का बजट खर्च होगा। यह आधुनिक तरीके से बनाए जाएंगे, ताकि इनका लोगों को समुचित फायदा हो सके।
-उमंग गर्ग, मालिक,
निर्माण कार्य ठेका कंपनी

## खबर संक्षेप

### यूजीसी नेट परीक्षा में रेणु लांबा ऑल इंडिया में प्रथम

**नारनौल।** गांव चिंडालिया निवासी रेणु लांबा पत्नी मंगतूराम लांबा ने आयोजित यूजीसी नेट की पॉलिटिकल साइंस विषय परीक्षा में 300 में से 272 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया प्रथम स्थान हासिल किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।



### 824 प्रार्थियों को दिया मार्गदर्शन

**नारनौल।** हरियाणा रोजगार विभाग की ओर से दो से छह फरवरी तक चल रहे व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के तहत शुक्रवार अंतिम दिन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत ने छात्र-छात्राओं को अपना कैरियर चुनने के बारे में मार्गदर्शन दिया। कालेजों व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कुल 824 प्रार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया।

### पंच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ में डाली आहुतियां

**नारनौल।** बाबा तेजादास आश्रम पटीकरा में चल रहे पंच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ के पांचवें दिन शुक्रवार को यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। महायज्ञ में महंत नंदकिशोर दास महाराज के पावन सानिध्य में यजमानों द्वारा आहुतियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री के सानिध्य में ब्राह्मणों द्वारा भद्र सूक्त के पाठ से की गई।

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी में मेगा रोजगार मेला 10 को

**नारनौल।** मण्डल रोजगार कार्यालय गुरुग्राम की ओर से 10 फरवरी को सुबह 10 बजे हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय जाट-पाली में मण्डल स्तर के एक मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत ने बताया कि इस रोजगार मेले में 30 से अधिक कम्पनियां भाग लेंगी।

## माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 नाम से राष्ट्रीय स्तर की पहल शुरू

# युवाओं के लिए ऑनलाइन क्विज शुरू, पीएम से संवाद का मौका

- तीन से शुरू होकर 17 फरवरी तक लाइव रहेगा ऑनलाइन क्विज
- देश की आर्थिक नीतियों और विकास की दिशा को जानने का मिलेगा अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

भारत सरकार के माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा युवाओं को बजट की जानकारी से जोड़ने के उद्देश्य से माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 नाम से राष्ट्रीय स्तर की पहल शुरू की गई है। इस अभियान के तहत ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवा भाग ले सकते हैं।

इस संबंध में महेंद्रगढ़ क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए विधायक कंवर सिंह यादव द्वारा कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च किया। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि यह ऑनलाइन क्विज तीन से शुरू होकर 17 फरवरी तक लाइव रहेगा। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव के मार्गदर्शन में ट्रेनी जिला युवा अधिकारी विकास मीणा, विशाल धाकड़, सूरज कुमार, राज पटेल तथा तरुण पंवार ने विधायक कंवर सिंह यादव से शिष्टाचार भेंटकर कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा युवाओं को अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की। विधायक कंवर सिंह यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए क्षेत्र के युवाओं से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

यह पहल युवाओं को केंद्रीय बजट 2026 की प्रमुख योजना और नीतियों को समझाने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि युवा देश की आर्थिक नीतियों से जुड़ सकें। इस ऑनलाइन क्विज के माध्यम से युवा न केवल केंद्रीय बजट 2026 को गहराई से समझ सकेंगे, बल्कि देश की आर्थिक नीतियों और विकास की दिशा को जानने का भी अवसर मिलेगा।


महेंद्रगढ़। पोस्टर लांच करते विधायक कंवर सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानमंत्री से संवाद का अवसर मिलना गर्व की बात

विधायक ने बताया कि इस क्विज में भाग लेने वाले युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद का अवसर मिलना गर्व की बात है। इससे युवाओं में नेतृत्व क्षमता, नीति-समझ और राष्ट्र निर्माण की भावना मजबूत होगी। पवन खैरवाल और राहुल यादव ने भी भरोसा दिलाया कि वे अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करवाने का प्रयास करेंगे। यह प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज होगी। इसमें सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर चयनित कर दूसरे चरण में निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। दूसरे चरण में चयनित युवाओं को बजट से जुड़े विषय पर अपने विचार रखने का मौका मिलेगा। इसके बाद अंतिम चरण में राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर के विजेताओं को प्रधानमंत्री के साथ वर्चुअल संवाद करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह क्विज पोर्टल पर आयोजित की जा रही है और इसमें 30 प्रश्न होंगे, जिन्हें प्रतिभागियों को 15 मिनट में हल करना होगा। विधायक कंवर सिंह यादव और जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने जिले के अधिक से अधिक युवाओं से आह्वान किया कि वे इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और विकसित भारत के संकल्प में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें।

# एशियन पैरा थ्रोबॉल नेशनल फेडरेशन कप का ट्रायल संपन्न

**नारनौल।** पचेरी बड़ी स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय में तीन दिन से चल रहे और पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित पैरा थ्रोबॉल नेशनल फेडरेशन कप कम ट्रायल चयन द्वितीय एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप का समापन हो गया हैं।

समापन कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पौधरोपण के साथ की गई, तत्पश्चात सभी अतिथियों को शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा के जिला महामंत्री राजेश दहिया रहे। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं जिले की पावन धरा पर पहली बार किसी राष्ट्रीय स्तर के पैरा खेल आयोजन का होना गर्व का विषय है। यहां से चयनित खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल का परिणाम चाहे कुछ भी हो, निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि यहां तक पहुंचना ही अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। सभी पैरा खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने सिंघानिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय को भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन को निरंतर आयोजित करते रहने के लिए शुभकामना दीं।



महेंद्रगढ़। विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सीधे बैंक खाते में आएगी सहायता राशि

**नारनौल।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 से अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग और विमुक्त जातियों के विद्यार्थियों के लिए उत्तर-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना को अब राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाना है, ताकि सहायता राशि बिना किसी देरी के सीधे पात्र विद्यार्थियों तक पहुंच सके। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि योजना के नियम अनुसार केवल वही भारतीय छात्र आवेदन के पात्र हैं, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय दो लाख पचास हजार रुपये से अधिक नहीं है। उपायुक्त ने जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे आवेदन प्राप्त होने के दस दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से सत्यापन प्रक्रिया को पूरा करें।

## खबर संक्षेप

### सीएल के छात्र कुनाल ने नेशनल लेवल पर हासिल की प्रथम रैंक




**नारनौल।** सिल्वर जोन कॉमर्स ओलम्पियाड परीक्षा 2025-26 में हुडा सेंटर स्थित सीएल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड तोड़ सफलता हासिल की। कक्षा 12वीं के कुनाल सोनी पुत्र आन्नद सोनी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक हासिल करके 50 हजार रुपये का नकद ईनाम जीता। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने विजेता छात्र को बधाई दी व आने वाली सभी परीक्षाओं के लिए सभी छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया तथा कहा कि यदि हम सही में अपना लक्ष्य प्राप्त करना चाहते हैं तो हमें पूर्ण समर्पण के साथ अपने मूल्यवान समय को अध्ययन में लगा देना चाहिए, क्योंकि सफलता का कोई भी अन्य मार्ग नहीं है।

### पाथेड़ा में सती माता मेला आयोजित, खेल प्रतियोगिता हुई



**नारनौल।** कनीना क्षेत्र के गांव पाथेड़ा में शुक्रवार को सती माता का मेला आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने रिबन काट कर मेला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशाल भंडारा, कबड्डी खेल प्रतियोगिता और तथा ऊंट व घोड़ियों की दौड़ आयोजित की गई। प्रातः ग्रामीणों की तरफ से सती माता के दरबार में हवन यज्ञ कर समाज में सुख समृद्धि की कामना की। अतरलाल ने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर हैं। उन्होंने मेले में खेल प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए मेला कमेटी की सराहना की। ऊंटों की दौड़ में मेवात के हाजी का ऊंट प्रथम तथा चितला डांगी का ऊंट द्वितीय स्थान पर रहा।

### जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी आयोजित



**नारनौल।** शिक्षा विभाग की ओर सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में मॉडल मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, रोल प्ले आदि में जिला के सभी ब्लॉकों के 210 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि जिला परियोजना समन्वयक अशोक कुमार रहे। अध्यक्षता संस्था प्राचार्य हुकुमचंद ने की। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में सभी विद्यार्थियों ने लग्न व मेहनत के साथ अच्छी तैयारी से अपना प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी के आयोजन से बाल वैज्ञानिकों को रचनात्मक विचारों, नवाचारों, कौशलों को प्रदर्शित करने का शुभ अवसर प्राप्त होता है। उनकी वैज्ञानिक प्रतिभा में निखार आता है।

### कराटे खिलाड़ी चयन के लिए हुआ ट्रायल



**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटीकरा में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय द्वारा कराटे चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से आए अनेक बच्चों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। इस चयन प्रक्रिया का उद्देश्य आगामी अंतर विश्वविद्यालय कराटे चैंपियनशिप के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना था। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों की तकनीक, फिटनेस और अनुशासन का मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर यदुवंशी ग्रुप के चैयरमेन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि अत्यंत प्रसन्नता हो रही हमारे महाविद्यालय में आयोजित कराटे चयन ट्रायल में आप सभी की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखने को मिल रही है। कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा का सशक्त माध्यम है।

### आरपीएस में दो दिवसीय महिला आत्मरक्षा कार्यशाला आयोजित



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में शुक्रवार को छात्राओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष महिला आत्मरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का शुभारंभ सुबह साढे दस बजे हुआ। कॉलेज प्रबंधन की ओर से निदेशक डॉ. महेश यादव, कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव और अधिष्ठाता डॉ. हेमंत कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक और वक्ता के रूप में लोकेश सैनी एवं सहायक नितेश सैनी उपस्थित रहे, जो नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान के प्रमाणित खेल कोच हैं और कराटे में ब्लैक बेल्ट९ हैं। कार्यशाला के दौरानए लोकेश सैनी ने कहा कि आज के दौर में महिलाओं का शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में अपना बचाव करने के लिए कराटे की विभिन्न तकनीकों, जैसे कि पंच ब्लॉक और सेल्फ डिफेंस मूव्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

### मॉडर्न स्कूल का एक दिवसीय इंडस्ट्री भ्रमण




**महेंद्रगढ़।** आईसीटीएम सोशल फाउंडेशन द्वारा पांच फरवरी को मॉडर्न स्कूल के कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों का एक दिवसीय इंडस्ट्री भ्रमण करवाया गया। यह भ्रमण महेंद्रगढ़ और सतनाली के लघु उद्योगों का करवाया गया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने महेंद्रगढ़ में मशरूम उत्पादन तथा कम्पास्ट केंद्र का दौरा किया। मशरूम उत्पादन में विद्यार्थियों ने 200 से लेकर दो लाख प्रति किलो बिकने वाली मशरूम के उत्पादन के बारे में जानकारी प्राप्त की। महेंद्रगढ़ में महलावल टाइल्स फैक्ट्री का भ्रमण करके उद्योग कौशल के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी प्रकार सतनाली की विनोद श्यामपुरिया फर्नीचर फैक्ट्री का भ्रमण करके खुद का व्यवसाय चुनने के बारे में जानकारी प्राप्त की। विनोद श्यामपुरिया ने भ्रमण पर आए हुए सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### आरपीएस स्कूल में गूंजा सूर्य नमस्कार का उद्घोष



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग, शिक्षा, खेल और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे विशेष योग अभियान के तहत आरपीएस स्कूल में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से शुरू होकर 12 फरवरी स्वामी दयानंद जयंती तक हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान आयुष योग सहायक सुनील देवी ने विद्यार्थियों को संगीत की धुनों पर सामूहिक सूर्य नमस्कार के 12 स्टेप्स का अभ्यास करवाया। सुनील देवी ने सूर्य नमस्कार से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों की बारीकी से जानकारी दी और बताया कि कैसे नियमित योगाभ्यास से एकाग्रता और स्मरण शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग ही वह माध्यम है, जो हमें तनाव मुक्त और ऊर्जावान रख सकता है।

## रोटरी रॉयल्स ने 'विरासत ए संस्कार' विषय पर आयोजित की भाषण प्रतियोगिता

# विजेता छात्राओं को इनाम के तौर पर दी साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स की ओर से मिशन विरासत ए संस्कार के अंतर्गत राजकीय महिला महाविद्यालय में 'विरासत ए संस्कार' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स के अध्यक्ष दिनेश भार्गव ने कहा कि क्लब द्वारा समाज में संस्कारों, नैतिक मूल्यों एवं भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की जाती रहेंगी, जिससे छात्राओं में संस्कारों के प्रति जागरूकता एवं प्रेरणा उत्पन्न हो। इस भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब के सचिव सत्यनारायण सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स द्वारा आगामी 13 फरवरी को नारनौल के गर्ल्स स्कूल में मिशन उड़ान के अंतर्गत जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रविंद्र गोगनानी के सहयोग से संपन्न होगा। जिसमें वर्तमान विधायक एवं पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव मुख्य अतिथि के रूप में तथा नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। मिशन उड़ान के अंतर्गत नगर के विभिन्न विद्यालयों में भी साइकिल



नारनौल। विजेता छात्रा को साइकिल देते मुख्य अतिथि व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### कुमकुम, प्रेरणा व धारा शर्मा बनी विजेता

निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार कुमकुम ने प्रथम, प्रेरणा भारद्वाज ने द्वितीय तथा धारा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स की ओर से तीनों विजेता प्रतिभागियों को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स के उपाध्यक्ष अनिल यादव ने महाविद्यालय प्राचार्य एवं निर्णायक मंडल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। क्लब सदस्य महेश सैनी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं महाविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ. सुनील कुमार, डॉ. सुनीता जाखड़, डॉ. गीता यादव, डॉ. ललिता, डॉ. पूनम सहित अन्य स्टाफ सदस्य एवं रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

### 90 वर्षीय बसंती देवी का निधन

**महेंद्रगढ़।** बलाना निवासी 90 वर्षीय बसंती देवी का निधन हो गया हैं। स्वर्गीय बसंती देवी को उनके बड़े पुत्र सुभाषचंद ने मुखाग्नि देकर माताजी को अंतिम विदाई दी। उनके साथ पुत्र लीलाराम, सूरत सिंह, ईश्वर सिंह भी उपस्थित रहे। बसंती देवी के निधन से गांव व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम संस्कार में सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति, परिजन व समाजसेवी उपस्थित रहे और नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके पुत्र लीलाराम ने बताया कि उनकी माताजी अत्यंत मिलनसार, धार्मिक एवं सरल स्वभाव की महिला थी।



### एनएसएस में नशा मुक्ति जागरूकता विषय पर एक दिवसीय शिविर आयोजित



**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट्स (राष्ट्रीय सेवा योजना योजना इकाइयों) के सौजन्य से प्राचार्य प्रो. राजवीर सिंह के कुशल दिशा-निर्देशन में र नशा मुक्ति जागरूकता थीम पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता का उप प्राचार्य प्रो. हवा सिंह ने की। प्राचार्य प्रोफेसर राजवीर सिंह का मानना है कि जब तक स्वयं और अपने परिवार और समाज को नशामुक्त बनाना है। नशा आज समाज का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुका है। यदि आज का युवा जागरूक, सजग और संकल्पित होगा।

## खबर संक्षेप

### बलाहा के दीपक यादव बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**नारनौल।** गांव बलाहा कलां निवासी दीपक यादव का चयन हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कॉलेज कैडर असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीतिक विज्ञान) पद पर हुआ है। उनका यह चयन न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है। बता दें कि दीपक यादव ने वर्ष 2022 में राजनीतिक विज्ञान विषय से एमए की पढ़ाई पूर्ण करने के बाद यूजीसी नेट जेआरएफ जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की।

### फिल्म घूसखोर पंडत को तुरंत बैन करने की मांग

**नारनौल।** हीरो मनोज वाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडत' ब्राह्मण समाज की गरिमा पर हमला है। इस फिल्म में जानबूझकर ब्राह्मण समाज को अपमानित किया गया है। इसके निर्माता निर्देशक एवं कलाकारों के खिलाफ सरकार केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए और फिल्म प्रदर्शित करने पर तुरंत बैन लगाया जाए।

### सेवानिवृत्त आयु से जुड़े विशेष प्रावधान समाप्त

**नारनौल।** प्रदेश सरकार ने हरियाणा सिविल सर्विसेज (जनरल) रूल्स, 2016 के नियम-143 में महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए सेवानिवृत्ति से जुड़े कुछ विशेष प्रावधानों को समाप्त कर दिया है। वर्ष 2026 में अधिसूचित इस संशोधन के तहत नियम-143 के सब रूल (1) में शामिल ब्लॉज (i), ब्लॉज (ii), नोट-1 और नोट-3 को नियम-पुस्तक से हटा दिया गया है। इन प्रावधानों के हटने से 70 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले कर्मचारियों, पूर्ण रूप से नेत्रहीन कर्मचारियों तथा सेवा के दौरान दिव्यांगता से ग्रस्त कर्मचारियों को मिलने वाली 60 वर्ष की विशेष सेवानिवृत्ति आयु का लाभ अब समाप्त हो गया है। संशोधन के बाद ऐसे सभी कर्मचारियों पर सामान्य सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष ही लागू होगी, जब तक सरकार की ओर से कोई नया अलग निर्देश जारी नहीं किया जाता है।

### बाइक स्नेचिंग मामले में एक और आरोपित काबू

**नारनौल।** थाना नांगल चौधरी की पुलिस टीम ने बाइक छीनने की वारदात मे एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि तीन नवंबर 2025 को गांव मोहनपुर निवासी नरेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह बहरोड़ से अपने गांव लौट रहा था, तो शाम करीब 6:30 बजे गांव मौरुण्ड के पास तीन बाइक सवार युवकों ने उसकी मोटरसाइकिल रुकवाकर छीन ली।

### 11 को हल्ला बोल प्रदर्शन की तैयारियां अंतिम चरण में

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा शिक्षा विभाग फील्ड में कार्यरत लिपिक, सहायक, उप अधीक्षक एवं अधीक्षक अपनी विभागीय और सरकार स्तर की मांगों को लेकर 11 फरवरी को निदेशालय शिक्षा सदन पंचकूला में डायरेक्टर सेकेंडरी स्कूल के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए हेमसा का जनसंपर्क अभियान अंतिम चरण में और जोर शोर से चल रहा है।

---

*दोनों बहनों में कामयाबी हांसिल करने की प्रतिस्पर्धा से गांव की बेटियों को परिश्रम करने की मिल रही है प्रेरणा, प्रतिभाशाली बहनों को पंचायत करेगी सम्मानित*

# छोटी बहन ने 110 किलोमीटर लंबी दौड़ में जीता गोल्ड मेडल बड़ी ने पाया भारतीय सेना में स्क्वाड्रन लीडर का प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

दृढ निश्चय और कठोर परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है, यह साबित करके दिखाया है भुंगारका गांव की रेनू यादव और कीर्ति यादव ने। इन दोनों बहनों में सफलता हासिल करने की प्रतिस्पर्धा बनी हुई है, बड़ी रेनू यादव ने भारतीय वायू सेना में बतौर स्क्वाड्रन लीडर का कार्यभार संभाला है।

दूसरी तरफ छोटी बहन कीर्ति यादव ने उत्तराखंड में आयोजित 110 किलोमीटर लंबी दौड़ स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता है। बीते दिनों नेशनल स्तरीय ट्रायथलॉन प्रतियोगिता के ईवेंट 90 किलोमीटर साइकिलिंग और 30 किलोमीटर


रेनू यादव


कीर्ति यादव

लंबी दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर लड़कियों को सशक्त बनने का संदेश दिया है। दोनों बहनों की सफलता से गांव की अन्य बेटियों को प्रतिभा निखारने की प्रेरणा मिलेगी।

आपको बता दें कि भुंगारका निवासी अशोक यादव के दो बेटियों समेत एक पुत्र है। भारतीय नौसेना में सेवारत अशोक यादव शुरू से ही अनुशासन व साहस से परिपूर्ण रहने पर उनकी पहली पदोन्नति जल्द हो गई थी। वारंट अधिकारी बनने के बाद उन्होंने दोनों बेटियों को शिक्षित और सक्षम बनाने का निर्णय लिया। बड़ी बेटी रेनू यादव ने वायु सेना में बतौर लेफ्टनेंट ज्वाइन करने में सफलता हांसिल की, जिन्होंने वायू सेना दिवस पर फाइटर विमान द्वारा आसमान में हैरतगंज करतब दिखाए थे। करतबों में दुश्मन के फाइटर प्लेन को आसमान में क्रेश करने, रास्ता रोककर लैंड कराना, दुश्मन के ठिकानों पर मिसाइल गराने समेत करीब 38 कलाओं का प्रदर्शन किया था। भी रेनू यादव ने उपलब्धियां को आंकलन करने के बाद विभाग ने पदोन्नति देकर स्क्वाड्रन लीडर का कार्यभार सौंपा है। दूसरी बेटी कीर्ति यादव ने भी बड़ी बहन की उपलब्धियों से प्रेरित होकर स्कूल में एनसीसी को चुना। एनसीसी की प्रदेश स्तरीय परेड में प्रथम स्थान हांसिल करने पर कीर्ति यादव को गणतंत्र दिवस की परेड के प्रशिक्षण में शामिल किया।

यहां भी उन्होंने प्रतिभा का प्रदर्शन करके प्रथम स्थान अर्जित किया। इसके बाद कीर्ति यादव ने उत्तराखंड में 110 किलोमीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा 80 किलोमीटर साइकिलिंग व रेस में आयरन लेडी पुरस्कार जीता है। दोनों बेटियों ने सफलता का श्रेय पिता अशोक यादव को दिया है, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में विश्वास और सहयोग बनाए रखा है।

#### संघर्ष का जुनून ही कामयाबी का सूत्रधार

भारतीय वायु सेना की स्क्वाड्रन लीडर रेनू यादव व गोल्ड मेडल विजेता रही कीर्ति यादव ने बताया कि कामयाबी कभी भी बेटा या बेटी में भेदभाव नहीं करती। संघर्ष का जुनून ही सफलता का सुत्रधार होता है। नौसेना अधिकारी पिता रोजाना 20-30 किलोमीटर की दौड़ करते हैं। उनकी प्रेरणा से दौड़ का अभ्यास किया और कामयाबी हांसिल की। स्क्वाड्रन लीडर रेनू यादव ने बताया कि सब पापा की प्रेरणा और उनके मार्गदर्शन से संभव हो पाया है।

#### जिले की एकमात्र बेटी को स्क्वाड्रन लीडर बनने का गौरव

भुंगारका के सरपंच राजेंद्र प्रसाद, विकास यादव, दयानंद बाबूजी, दरियाव आर्य ने बताया कि अशोक यादव की दिनचर्या अनुशासित व कृत्यनिष्ठ रही है। उनकी प्रेरणा से बड़ी बेटी रेनू यादव वायू सेना में स्क्वाड्रन लीडर का कार्यभार संभालने का गौरव मिला है। छोटी बेटी कीर्ति यादव भी पिता के नक्शेकदमों पर चल रही है, जिसने हाल ही नेशनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर गांव व जिले का नाम रोशन किया है। प्रतिभाशाली बेटियों के गांव आने पर पंचायत द्वारा अभिनंदन किया जाएगा। जिनकी कामयाबी से अन्य बेटियों को भी परिश्रम करने की प्रेरणा मिलेगी।

#### छोटी बेटी कीर्ति यादव राष्ट्रस्तर पर बना चुकी पहचान

नौसेना के अधिकारी अशोक यादव की छोटी बेटी कीर्ति यादव भी किसी पहचान की मोहताज नहीं। जिन्होंने नेशनल स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ भाषण देकर स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की नसीहत दी थी। जिस पर स्पीकर ओम बिड़ला ने नकद पुरस्कार तथा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया था। मेधावी बेटी को एनसीसी परेड का कुशल नेतृत्व करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित कर चुके हैं। वर्तमान में कीर्ति यादव भारतीय प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर रही है।

---

## नगर पालिक हाउस की बैठक में 15 में से महज चार पार्षद रहे उपस्थित

# शहर के 30 मुद्दों पर होनी थी चर्चा, कोरम अभाव से बैठक स्थगित

*पार्षदों का बैठक से दूरी बनाना शहर के विकास कार्यों में बन सकते हैं रोड़ा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिक हाउस की बैठक शुक्रवार को भी कोरम के अभाव में स्थगित हो गई। शहर की रामलीला परिषद में आयोजित बैठक में महज चार पार्षद ही उपस्थित हुए, बाकि 11 पार्षदों ने बैठक से दूरी बनाई रखी। बैठक में शहर के जुड़े 30 प्रस्तावों पर चर्चा होनी थी। वहीं शहर के लोगों का कहना है कि इस तरह पार्षदों द्वारा बैठक से दूरी बनाना शहर के विकास कार्यों में रोड़ा बन सकते हैं। नगर पालिका की ओर से दो बार बैठक एजेंडा भेजने के बावजूद भी कोरम के अभाव में स्थगित हो रही हैं।

बता दें कि बैठक से पूर्व शहर के लोगों की राय जानने के लिए रामलीला परिषद में एक बैठक बुलाई थी। वहीं शहर के लोग भी एक-एक कर अपनी राय दे रहें थे। नगर पालिका हाउस की बैठक का समय दोपहर एक बजे था। नगर पालिका अधिकारी भी बैठक में तय समय पर आ गए थे, लेकिन कोरम के अभाव में बैठक स्थगित करनी पड़ी।


**महेंद्रगढ़।** बैठक से पूर्व शहर के लोगों की राय लेते प्रधान रमेश सैनी। फोटो: हरिभूमि

#### ये मुद्दे

- अटल सामुदायिक भवन के पास आधुनिक लाइब्रेरी, इंडोर स्टेडियम बनाने, नए नगरपालिका भवन के पीछे खाली जमीन पर ऑडिटोरियम बनाने
- शहर के विकास की गति बढ़ाने के लिए नगर पालिका द्वारा करवाए गए सर्वे के अनुसार शहर के अंदर पांच किलोमीटर तक की सड़क मार्ग को मॉडल रोड बनाने
- नगर में तेजी से चल रहे विकास कार्यों के लिए विधायक, एसडीएम, डीएमसी, नगर पालिका अधिकारी हरियाणा सरकार के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पास करने बारे विचार
- नगर पालिका की मोदाश्रम के पीछे पड़ी हुई खाली जमीन पर आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किए जाने बारे विचार
- इस योजना के तहत प्रस्ताव में नगर पालिका में नगर प्रधान, उप प्रधान व पार्षद द्वारा स्वयं किए गए नगरपालिका की जमीन पर अवैध कब्जे अवैध रूप से करवाई गई रजिस्ट्री को शामिल नहीं किया जाए, सभी सदस्यों के श्रम के नाम जमीन की जांच करवाकर अवैध कब्जा व रजिस्ट्री पाए जाने पर तुरंत उचित कार्रवाई की जाए।
- पंचायत भूमि की तर्ज पर नगर पालिका की जमीन पर आमजन द्वारा बना लिए गए पक्के मकान अवैध रूप से की गई रजिस्ट्री पिछले 40 वर्षों से नगर पालिका की कृषि योग्य भूमि पर गिरदावरी करवाकर रियायत देने के लिए एक निश्चित राशि किराया तय करने या कलेक्टर रेट पर उनके नाम रजिस्ट्री करवाने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सरकार के पास भेजने के लिए विचार करने बारे

#### बैठक में इन मुद्दों पर होनी थी चर्चा

- शहर के शॉपिंग कॉम्पलैक्स की दुकानों के ऊपर बने अवैध रूप से चौबारों में दुकानों को नियमित करने और हाउस की सहमति से इस प्रस्ताव की तय सीमा के अंदर अनुपालन करने वाले दुकानदार पर किराया नहीं भरने की वजह से पीपी एक्ट के तहत केस या न्यायालय में लंबित सभी तरह के मुकदमों को वापस लिए जाने बारे विचार करना था।
- साथ ही शॉपिंग कॉम्पलैक्स के दुकानदारों पर काफी वर्षों से बकाया रेंट पर लगे पेनेल्टी और ब्याज माफ करने के लिए विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सरकार के पास भेजने बारे विचार
- शॉपिंग शॉपिंग कॉम्पलैक्स के अंदर जर्जर हो चुके लेटर की छत को ठीक करने बारे विचार
- ऑटो मार्केट की दुकानों के ऊपर नगर पालिका द्वारा बनाए गए चौबारों को खुली बोली या चौबारों के नीचे बनी दुकानों के किरायदारों को शर्तों के साथ देने बारे विचार
- गांधी मार्केट में नगर पालिका की दुकानों को ऊपर बने चौबारों के ऊपर चढ़ने के लिए सीढ़ियां बनाने और चौबारों की मरम्मत करवाने को लेकर
- मौहल्ला सैनीपुरा में नगर पालिका की दुकानों की मरम्मत करवाने बारे विचार
- नगर पालिका के देवीलाल पार्क के पास या अन्य किसी भी स्थान को चिह्नित कर रेहडी मार्केट बनाने बारे विचार करना था।
- नगर पालिका के द्वारा बनाई गई नई सड़क मार्ग को पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा तोड़े जाने पर उचित कार्रवाई करने बारे विचार
- बिजली निगम द्वारा नगर पालिका की जमीन पर लगाए गए पोल व ट्रांसफॉर्म आदि पर रेंट वसूलने को लेकर विचार करना था।
- महाराजा शूर सैनी चौक मौहल्ला सैनीपुरा की तरफ जाने वाले गंगा देवी पांडे मार्ग को ज्योतिबाई फूले मार्ग करने बारे विचार
- मोदाश्रम से करंट बालाजी मंदिर के सामने से वीरू कबाड़ी तक सड़क मार्ग करवाने बारे विचार
- मोदाश्रम रोड से धौलपोश गौशाला तक सड़क मार्ग बनाने विचार
- नगर पालिका शहर क्षेत्र में स्थाई तौर पर रेन बसेरा बनाने विचार
- नगर पालिका कार्यालय को नया नगर पालिका कार्यालय भवन बनने तक देवीलाल पार्क के पास बने अटल सामुदायिक भवन में शिफ्ट करने और वर्तमान में चल रहे नगर पालिका कार्यालय के स्थान पर पार्किंग स्थल बनाए जाने पर विचार किया जाना था।
- नगर के प्रत्येक वार्ड के अंदर विभिन्न मोहल्लों, गलियों व कॉलोनी में आमजन द्वारा अपने घर या प्रतिष्ठान पर बनाए गए पक्के निर्माण रैंप, सीडी आदि की अवैध कब्जे को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त करने बारे विचार
- हुडा पार्क को नए रूप में विकसित करने
- सभी प्रमुख चौराहा का सौंधर्यकरण करन
- तीन प्रमुख मार्गों पर स्वागत गेट बनाने आदि अनेक विकास कार्य पर विचार कर था।
- नगर पालिका महेंद्रगढ़ शहर क्षेत्र के अंदर किसी भी सरकारी प्रशासनिक और किसी भी सरकारी कार्यक्रम नेता या अन्य किसी भी कार्यक्रम में शहरी सरकार से बिना विचार–विमर्श करना था, क्योंकि प्रधान, उपप्रधान व पार्षद को नहीं बुलाया जाने और उनको उचित मान–सम्मान नहीं दिए जाने पर नगर पालिका के द्वारा उठाए जाने वाले किसी भी तरह के खर्च के लिए कोई भी बिल की अदायगी नहीं किए जाने बारे नगर पार्षदों ने राय बना रखी है।
- रेलवे रोड से हटाए खोखो के दुकानदारों के लिए किले के साथ लगती ऑटो मार्केट की दुकानों के साथ आगे की तरफ से सैन धर्मशाला के सामने देवीलाल –पार्क के साथ या ब्रह्मचारी रोड पर या अन्य किसी भी स्थान पर एक निश्चित राशि और किराए तय कर दुकान दिए जाने के लिए एक रिपोर्ट सरकार के पास भेजने बारे विचार करना था।
- आमजन द्वारा नगर के प्रमुख बाजारों और मौहल्ला व कॉलोनी में रेप सीढ़ियां बनाकर किए जाने वाले अवैध अतिक्रमण को स्वयं हटाने के लिए मुनादी करवाकर तुरंत कार्रवाई करने और भविष्य में फिर से अतिक्रमण करने पर भारी भरकम जुर्माना लगाए जाने पर विचार

---

### राव इंद्रजीत सिंह के जन्मदिन पर चलेगा पांच दिवसीय पौधरोपण अभियान

**नांगल चौधरी।** नांगल चौधरी हलके में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के जन्म दिन पर पांच दिवसीय गोसेवा व पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में पौधरोपण करके कार्यकर्ताओं को देखरेख तथा सिंचाई की जिम्मेवारी सौंपी जाएगी। युवा भाजपा नेता विकास बडकोदा व गुरुकुलम स्कूल के चेयरमैन अभय सिंह गुर्जर ने बताया कि सात फरवरी को मौखूता बामणवास में पौधरोपण करके तीन दिन तक अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। चौथे दिन हलके की तीनों गोशाला में गायों की सवामणी तथा प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। 11 फरवरी को हवन में आहुति डालकर केंद्रीय मंत्री के लिए दीर्घायु की मन्नतें मांगी जाएंगी।

## कुत्तों को एंटी रेबीज और प्रजनन नियंत्रण के लिए किया टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

नगर पालिका प्रशासन कनीना की ओर से बीते समय शुरू किए गए जीरो रेबिज अभियान कुत्ता प्रजनन नियंत्रण अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। नगरपालिका कनीना की चेयरपर्सन डॉ रिम्पी लोढ़ा ने बताया कि नपा की ओर से इस बारे में टेंडर कॉल किए गए थे जो नैन फाउडेंशन जींद के नाम अलाट हुए थे। जिसमें प्रति कुत्ते के टीकाकरण व नसबंदी के लिए 1800 रुपये एक वर्ष की अवधि के लिए निर्धारित किए गए थे। माना जा रहा है कि कनीना में करीब 300 कुत्ते हैं। जिनका टीकाकरण किया जा रहा है। पिछले तीन दिन के दौरान 53 कुत्तों को टीकाकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि कुत्तों का नांगल चैधरी शेल्टर होम में वैक्सीन लगाने के बाद व टैगिंग की जा रही है। ये कार्य पूरा होने के बाद उन्हें वापस छज्ञेडा जा रहा है। अनेको आवारा कुत्ते शिक्षण संस्थानों के समीप मंडराते रहते थे। जिनसे विद्यार्थियों में भय बना हुआ था। कुत्ते के काटने पर एंटी रेबीज के टीके लगवाने पड़ते थे। अब ऐसे हिंसक कुत्तों पर एजेंसी कर्मचारियों की ओर से नजर रखी जा रही है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजना अनुसार आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत नपा की ओर से ये कार्य किया जा रहा है।


**कनीना।** जारी अभियान के तहत कुत्ते का टीकाकरण करती टीम के सदस्य।

### हवाई अड्डा संत रविदास के नाम पर करना सराहनीय कार्य

**मंडी अटेली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पंजाब स्थित आदमपुर हवाई अड्डे को श्री गुरु रविदास महाराज के नाम पर समर्पित करने के निर्णय को एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा अनुसूचित जाति जिला महामंत्री पूर्व सरपंच रामनिवास खेड़ी ने प्रेस को जारी एक बयान में प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित समस्त एनडीए सरकार ने हवाई अड्डे का नामकरण कर गुरुजी के दर्शन को आगे बढ़ाया है। संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के पावन अवसर पर लिया गया यह निर्णय अत्यंत सराहनीय और ऐतिहासिक है। संत शिरोमणि गुरु रविदास ने अपने जीवन से समानता, करुणा और सेवा का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज को दिशा और प्रेरणा प्रदान करता है।

## पार्क की गली की दुकानों के ताले तोड़कर सामान व नकदी चोरी

**नारनौल।** पार्क गली में चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़कर वहां से लाखों रुपये का सामान एवं नकदी चुरा ली। सूचना देने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव खामपुरा निवासी भजन सिंह ने सिटी थाना में दी शिकायत में बताया कि उन्होंने "ब्लू एप्पल" नाम से गारमेंट्स की दुकान की हुई है, जो पार्क गली की पटवारी मार्केट में रिद्धि-सिद्धि कॉम्प्लेक्स में स्थित है। उन्होंने बताया कि वह बीती शाम करीब 6 बजे रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर चला गया था। उस समय दुकान के गल्ले में दिनभर की बिक्री के 46,500 रुपये नकदी रखी हुई थी। सुबह करीब 8:30 बजे पड़ोसी अनिल गारमेंट्स के संचालक अनिल कुमार ने फोन पर सूचना दी कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और शटर ऊपर है। सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचा तो दुकान का गल्ला भी टूटा हुआ मिला और उसमें से नकदी गायब थी। दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने विवरण देते हुए बताया कि चोर दुकान से लगभग 200 जींस, 130 शर्ट, 150 अपर, 100 अंडरवियर, 150 लोअर, 80 जैकेट, 100 शर्ट, 200 टी-शर्ट और 15 बॉक्स बनियान चोरी कर ले गए। चोरी गए माल की अनुमानित कीमत डेढ़ से दो लाख रुपये बताई गई है। शिकायत मिलने पर शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं चोर सीसीटीवी में भी कैद हो गए।

***आशु जैन के यहां भी चोरी:*** इसी कॉम्प्लेक्स में आशु जैन के कार्यालय का ताला भी टूटा पाया गया। वहीं दो अन्य दुकानों के ताले भी टूटे मिले हैं, जिससे व्यापारियों में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर चोरी गई नकदी और सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

---

## भाविप के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने कार्यकर्ताओं की सुनीं समस्या

*संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के टिप्स दिए*

# राष्ट्र की सुरक्षा और समृद्धि को प्राथमिकता देना सरकार का नैतिक दायित्व: जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

भारत विकास परिषद के संगठन महामंत्री सुरेश जैन ने भाजपा के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव के आवास पर कार्यकर्ताओं की समस्या सुनी। सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की रूपरेखा बनाई तथा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के टिप्स दिए। इस दौरान पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव से राजनीतिक पहलूओं पर विचार-विमर्श किया है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और समृद्धि को प्राथमिकता देना सरकार का नैतिक दायित्व होता है। भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में सत्ता संभाली थी। सबसे पहले उन्होंने सैनिकों को सुविधा देना तथा बार्डर तक सड़कों के निर्माण की योजना बनाई ताकि आपात परिस्थितियों में सेना तक तत्परता पूर्वक आवश्यक सामग्री पहुंच सके। विकसित भारत का विजन तैयार किया तथा बजट में गांव से लेकर शहरों तक समान विकास कार्यों की रूपरेखा बनाई गई है। प्रदेश में भाजपा सरकार ने बिना पर्ची बिना खर्ची रोजगार देने की परंपरा बनाकर युवाओं का हौंसला बढ़ाया है। जिससे प्रभावित अन्य प्रदेशों की सरकारों ने भी अनुकरण करना आरंभ कर दिया। महेंद्रगढ़ जिले में भाजपा को खड़ी करने में रामबिलाश शर्मा व दयाराम यादव संघर्षमयी योगदान दिया है। संगठन को मजबूत करने के लिए इन्होंने बूथ स्तर पर वर्करों की टीम बनाई तथा एक-एक वोटर को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सबका साथ सबका विकास मिशन पर काम किया है जिसके परिणामस्वरूप आमजनता तक सरकार की योजनाएं पहुंच पाई हैं और समान विकास कार्य हो पाए हैं। इसके बाद उन्होंने जिला स्तरीय राजनीति पर विचार-विमर्श किया है। चारों हलकों में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी ली तथा जनता और सरकार में सामंजस्य बनाने के दिशा-निर्देश दिए हैं।


**नांगल चौधरी।** भाजपा के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव के आवास पर परिजनों से मिलते राष्ट्रीय संगठन महासचिव सुरेश जैन। फोटो: हरिभूमि

# अनाथ बेटी की शादी में रागनी गायक ने किया कन्यादान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव बवाना निवासी एक अनाथ बेटी की शादी के लिए प्रसिद्ध हरियाणवी रागनी गायक विकास पासोरिया और उनकी टीम ने वीरवार शाम को एक लाख रुपये का कन्यादान किया। महेंद्रगढ़ जिले के गांव बवाना निवासी कंचन की शादी 26 फरवरी को तय की गई थी। कंचन के माता-पिता का साया बचपन में ही उनके सिर से उठ गया था, जिसके बाद उसके ताऊ ने उसका पालन-पोषण किया और विवाह का रिश्ता तय किया।

बता दें कि गांव में फरवरी माह में आयोजित मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने पहुंचे गायक विकास पासोरिया को कंचन की स्थिति के बारे में पता चला। इसके बाद उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर वीरवार शाम को कन्यादान के रूप में एक लाख रुपये की राशि का चेक कंचन के परिजनों को भेंट किया। इस भावुक क्षण को देखकर ग्रामीणों ने गायक विकास पासोरिया और उनकी टीम की सराहना की तथा इस नेक कार्य के लिए आभार जताया। वहीं इस पहल से प्रेरित होकर अब गांव के अन्य लोग भी मदद के लिए आगे आने लगे हैं। इस मौके पर जगदेव एडवोकेट, दिनेश शर्मा, राकेश शर्मा, ईश्वर उमरावत, प्रवीण नौगांव, श्याम शर्मा, जगबीर, दीपक पासौर, रामनिवास आदि मौजूद थे।


**महेंद्रगढ़।** कन्यादान करते हुए। फोटो: हरिभूमि